हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026



# सामान्य सभा में एलम सप्लाई को लेकर मचा हंगामा, कई चौक के बदले नाम

## विपक्षी हमले के बीच शहर सरकार की पहली सामान्य सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम में आज 13 विषय पर सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। बैठक की शुरूआत हंगामेदार हुई। हंगामे की वजह से सुबह 11 बजे से शुरू हुई सामान्य सभा में पहला विषय सामाजिक सुरक्षा पेंशन आवेदनों की स्वीकृति पर दोपहर 1 बजे चर्चा शुरू हो पाई । नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक के दौरान सदन में चर्चा उपरांत स्वीकृति के लिए रखे गए 13 विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरूआत में ही यहां शहर में बिना फिटकिरी पानी साफ किए सप्लाई और सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन की नियुक्ति को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। जिससे काफी देर हंगामा होता रहा।

नगर निगम में आयोजित हुई सामान्य सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति, चौक-चौराहा के नामकरण, जाति प्रमाण पत्र, निगम सीमा में बाल विवाह मुक्त अभियान, नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग के फिल्ड अधिकारी-कर्मचारियों को पेट्रोल भत्ता राशि 1 हजार रुपए प्रदाय किए जाने, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा संघ की विभिन्न



गतिविधियों का संचालन हेतु 50 हजार रुपए मांग की स्वीकृति, सड़क चौडीकरण एवं उन्नयन कार्य, जिला अस्पताल तक नाला निर्माण किए जाने, पाईप लाइन विस्तार कार्य सहित अन्य विषय रखा गया।



### जनहित के मुद्दों से दूर विषय

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि सदन में लाया गया विषय बोगस है, जो जनहित के मुद्दों से दूर है। उन्होंने कहा कि एक साल में पहली बार सामान्य सभा हो रही है। वहीं एक साल से सफाई ठेका नहीं हुआ है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सदन में विपक्ष द्वारा हंगामे को लेकर उन्होंने कहा कि मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम खत्म हो गया था और शहर की जनता को बिना एलम डाले पानी सप्लाई हो रही थी। वहीं उन्होंने कहा कि सदन के लिए विधायक और सांसद प्रतिनिधि कि नियुक्ति फर्जी है। उनकी नियुक्ति पिछले बजट सभा के लिए थी, आज के लिए नहीं थी। वे गलत तरीके से सदन में बैठे थे। जिसके लिए हमने जांच की मांग की है।

### सर्वसम्मति से पहला विषय पारित

सामान्य सभा की बैठक में सदन की शुरूआत में ही हंगामे की वजह से निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने 5 मिनट के लिए सदन स्थगित कर दिया। वहीं दोपहर 1 बजे प्रथम विषय पर चर्चा शुरू हो पाई और दोपहर 1.39 बजे विषय क्रमांक 1 सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति अध्यक्ष द्वारा सर्व सम्मति से पारित करने घोषणा की गई।

### सदन में लाए गए जनहित से जुड़े विषय

विपक्ष के आरोपों और हंगामे को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सदन में जनहित से जुड़े विषय लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां बिना फिटकिरी पानी सप्लाई का आरोप बे-बुनियाद है। किसी भी दिन शहर में बिना एलम पानी सप्लाई नहीं हुई है। वहीं उन्होंने कहा कि सांसद को हमने लिखित में इस बैठक के लिए आमंत्रित किया है। प्रतिनिधि के संबंध में लेटर प्राप्त नहीं हुआ था। तत्काल लेटर भेजा गया है।


# बैतालरानी में वन भैंसे और कुम्हरवाड़ा में तेंदुआ की आहट, विभाग की टीम अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में इन दिनों जंगली-जानवरों की आवाजाही से भय का माहौल बना हुआ है। बैतालरानी घाटी में वन भैंसे के दिखने और कुम्हरवाड़ा क्षेत्र में तेंदुआ की लगातार आहट से ग्रामीणों में दहशत है। इस पूरे मामले में वन विभाग की निष्क्रियता भी सामने आ रही है।

**बैतालरानी घाटी में दिखा वन भैंसा**

क्षेत्रवासियों के अनुसार बीते दिन शाम लगभग 5 बजे बैतालरानी घाटी के ऊपर वन भैंसा दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि वन भैंसा अकेला था। इसी कारण वह सड़क तक नहीं आया। खुडमुड़ी निवासी सत्यदेव चंदेल ने इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया कि जब वे बैतालरानी घाटी से नीचे उतर रहे थे, तब सड़क से करीब 20 मीटर की दूरी पर वन भैंसा खड़ा दिखाई दिया। कुछ देर के लिए राहगीर रूककर उसे देखने लगे, लेकिन नागरिकों की भीड़ बढ़ते देख वन भैंसा जंगल की ओर लौट गया।



### तेंदुआ की आहट से सहमे ग्रामीण

बताया जा रहा है कि बैतालरानी के ऊपर स्थित अंतिम गांव कुम्हरवाड़ा के आसपास पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ की आहट लगातार सुनाई दे रही है। इससे ग्रामीणों, राहगीरों और जंगल से होकर आने-जाने वाले लोगों में डर और भय का माहौल बन गया है।

### विभाग से सुरक्षा की मांग

जंगल क्षेत्र से गुजरने वाले शिक्षक, ग्रामवासी, सरपंच, सचिव सहित आम नागरिकों ने वन विभाग से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली-जानवरों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग द्वारा गश्त, निगरानी और सतर्कता बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) श्री विजय सोनी (2) श्री संजय सोनी, दोनों पिता स्व. श्री श्यामसुन्दर सोनी, दोनों निवासी बांसपाईपारा, वार्ड नं. 37, शहर तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा भूमिस्वामी "मार्डन फर्नीचर" लखोली मेन रोड, राजनांदगांव (छ.ग.) प्रोप्राईटर- श्री दीपचंद सांडिल पिता स्व. बसंतराव सांडिल निवासी- लखोली मेन रोड, शहर तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से उनके नाम स्वामित्व की परिवर्तित सम्पत्ति (हाल एवं रूम) ग्राम लखोली, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. तहसील व जिला राजनांदगांव में लखोली से कन्हारपुरी जाने वाली पक्की रोड से लगी हुई जनता कॉलोनी के सामने में है, जिसका खसरा नंबर 496/12, रकबा 0.06 एकड़ = 0.024 हे., जिसका क्षेत्रफल 24×110 = 2640.00 वर्गफुट है, जिसे उक्त भूमिस्वामी "मार्डन फर्निचर" से खरीदने बाबत पक्का सौदा कर इकरारनामा सौदा पत्र दिनांक 10/11/2025 को निष्पादित कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल उक्त सौदाशुदा भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन तहरीर कराना शेष है।

अतः सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय जो उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बन्ध में हित रखता हो अथवा उक्त भूमि के सौदा के संबंध में वैध कारणों सहित दावा-आपत्ति करना चाहता हो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर वैध दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, सूचना प्रकाशन से 07 दिन की अवधि अवसान के पश्चात मेरा पक्षकार विक्रेता को शेष रकम अदा कर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करवा लेगा तथा अवधि अवसान पश्चात की गई कोई भी दावा-आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक- 10/02/2026

भवदीय
त्रिदेव साहू (अधिवक्ता)
कार्यालय - 26, गोकुलधाम सोसायटी,
गोकुल नगर के पास, राजनांदगांव (छ०ग०)
मोबाईल नं.- 7999880804




0 **राजनांदगांव**। फरवरी माह के दूसरा सप्ताह में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। दोपहर को धूप चिलचिलाने लगी है। वहीं रात में ठंड का असर बना हुआ है।

**माए एंगल**




# नो-पार्किंग में खड़ी 81 वाहनों पर पुलिस का एक्शन, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर आम रोड पर वाहन खड़ी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई अभियान चलाया है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान 81 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



ज्ञात हो कि शहर के सर्विस लेन में यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है। इस मार्ग पर अव्यवस्थित रूप से खड़ी वाहनों के चलते जाम की स्थिति आए दिन निर्मित होती रहती है, जिसे देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई अभियान प्रारंभ किया है।

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों के सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े नो-पार्किंग वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसके तहत अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तिराहा से अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, पुराना बस स्टैंड चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, रेलवे स्टेशन रोड, भगत सिंह चौक, महावीर चौक, गुरूद्वारा चौक, नया बस स्टैंड, अम्बेडकर चौक, मनोकामना से आरके नगर चौक तक सर्विस रोड में दोनों ओर आवागमन करने वाले आम रोड पर खड़ी वाहनों पर लॉक लगाकर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। साथ ही नो-पार्किंग एरिया में खड़ी दुपहिया वाहनों को क्रेन के माध्यम से उठाकर कार्रवाई किया गया। यह कार्रवाई लगातार जारी है।

### निर्धारित समय में करें लोडिंग-अनलोडिंग

अभियान में नो पार्किंग में खड़े कुल 81 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। बताया गया कि सर्विस रोड में अवैध पार्किंग के कारण आमजनों की आवाजाही बाधित होती है, जिसे दृष्टिगत रखते यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने अपील की है कि अपने एवं अन्य लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते वाहन को सर्विस रोड या अन्य जगहों में वाहन रोड में खड़ी न करें, बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करें। शहर में सफेद पट्टी के अंदर वाहन खड़ी करें। फ्लाई ओवर के नीचे वाहनों की पार्किंग करें। जिससे आमजनों की आवाजाही बाधित न हो। साथ ही शहर के सभी कारोबारियों से अपील कि गई है कि मालवाहक वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्धारित की गई समय अनुसार ही कराएं।

**फार्म हाउस जमीन बेचना हैं**

नदी किनारे रिवर व्यू फार्म हाउस जमीन मुडपार डामर रोड पर स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653, 8770053130




## बड़ा हादसा टला..सामाजिक बहिष्कार से परेशान था

# न्याय की गुहार से परेशान होकर ग्रामीण ने की कलेक्टोरेट में आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



कलेक्टोरेट परिसर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अधेड़ व्यक्ति ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों की तत्परता से स्थिति पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

अधेड़ की पहचान शीतलाल निर्मलकर निवासी गंडई के ग्राम कटंगी निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शीतलाल अचानक कलेक्टोरेट परिसर पहुंचा और खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाने की कोशिश करने लगा। यह देख वहां मौजूद अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक सन्न रह गए। तत्काल हरकत में आई पुलिस ने उसे रोककर सुरक्षित किया। इस दौरान वह हल्का झुलस गया, जिसे बाद में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शीतलाल लंबे समय से अपने गांव में कथित सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहा था। उसने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने उसे और उसके परिवार को सामाजिक रूप से अलग-थलग कर दिया। जिससे उसके बच्चों की पढ़ाई और परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### लगातार शिकायतों के बाद कार्रवाई नहीं

पीड़ित का कहना है कि उसने इस मामले में स्थानीय थाना, कलेक्टर कार्यालय, गृह विभाग और मानवाधिकार आयोग तक शिकायतें की है, लेकिन कहीं से भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न्याय न मिलने और लगातार मानसिक दबाव के चलते उसने यह कदम उठाने का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला प्रशासन ने भी शिकायतों की पुनः समीक्षा करने की बात कही है। घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक संवेदनशीलता, ग्रामीण इलाकों में सामाजिक बहिष्कार और न्याय तक आम नागरिक की पहुंच पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है।

## खबर संक्षेप



### योजनाओं की दी जानकारी

**बांधाबाजार।** ग्राम गुण्डरदेही में भाजपा किसान मोर्चा ने वीबी जी राम जी एवं आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण जनजोहर चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार के अवसरों एवं आजीविका आदि से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण यादव, संदीप मेश्राम, ढालसिंह कौशिक, मदन कौशिक, संतोष शुक्ला, रवि नेताम, मुनेश्वरी साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने केन्द्र सररकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

### 15 को जलाभिषेक

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर



अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। ग्राम के अमृतलाल साहू ने बताया कि मंदिरों में सुबह 4 बजे से पूजा प्रारंभ हो जाएगी। सुबह 10 बजे से पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया जाएगा। रात्रि में 7 बजे से युद्ध वीर ग्रुप कानपुर का झांकी का कार्यक्रम रखा गया है। गांव के शिव मंदिर में पूजा एवं रामायण का कार्यक्रम रखा गया है।

### जस गायन का आयोजन



**चिचोला।** रंगीटोला में देवी जस गायन एवं झांकी महोत्सव का आयोजन गत दिनों ग्रामीणों एवं शीतला युवा समिति के तत्वावधान में किया गया। पहले दिन शीतला प्रांगण से कलश यात्रा निकाला गया। दो दिन तक गांव में जस और झांकी की प्रस्तुति विभिन्न मंडलियों ने दी। कार्यक्रम में 12 मंडली शामिल हुई।

### बच्चों को दी उपयोगी जानकारी

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के आदेशानुसार एनईपी 2020 पाठयक्रम चर्चा हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान अंतर्गत अतिथि व्याख्याताओं धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में एनईपी 2020 क्रियान्वयन समिति के समन्वयक कंचन साहू द्वारा विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री एग्जिट, मल्टी डिसप्लीनरी सिस्टम, सेमेस्टर योजना आदि की जानकारी दी।

इस दौरान डीएससी, डीएसई, जीई, व्हीएसी, एईसी, एसईसी की भी विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ हेमलता विरदी ने महाविद्यालय में उपलब्ध्ध सुविधा और संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। योगिता ठाकुर ने विभिन्न विषयों की विशेषता एवं अनिवार्यता से अवगत कराया। शुभि जैन ने महाविद्यालय चयन में सूझबूझ और विषयों के चयन प्रक्रिया की जानकारी दी।

## शिकायतकर्ता नहीं पहुंचे पेशी में, एफआईआर दर्ज करने की मांग

# नूरजहां ने कहा- मैं जिंदा हूं साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से नाम कटने को लेकर सोमवार को पेशी हुई जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिला पुरुष उपस्थित हुए। पेशी में 96 वर्षीय नूरजहां ने पेश होकर बताया कि वह जिंदा है। उल्लेखनीय है कि कथित शिकायतकर्ताओं ने कई लोगों को मृत या पलायन करना बताकर नाम काटने के लिए फार्म 7 जमा किया है।

एसआईआर प्रक्रिया के पेशी में 96 वर्षीय नूरजहां ने उपस्थिति दर्ज कराया। पेशी के बाद उन्होंने कहा कि साहब ने मान लिया कि मै जिंदा हूं। ज्ञात हो कि नूरजहां पति स्व रफीक अहमद निवासी वार्ड 10 को मृत बताकर नाम काटने की शिकायत की गई थी। मामले के खुलासे के बाद व्यापक चर्चा थी। नूरजहां ने एसडीएम कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराते हुए बताया कि जब देश आजाद हुआ तब वह 17 बरस की थी। उनके पति स्व रफीक अहमद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए थे।



### मुस्लिम समाज परेशान

एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के साथ खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, लिमो, खैरी से मुस्लिम समाज के मतदाताओं के विरुद्ध शिकायत की बाढ़ आ गई थी। कहा जा रहा था कि जिनका नाम कटेगा उसे छोड़ कर जाना होगा। अफवाहों के चलते कुछ लोगों बीमार हो गए थे।

### शिकायतकर्ता पर हो कार्रवाई

मुस्लिम समाज ने उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कहा कि शिकायतकर्ता धनीराम पाल निवासी टिकरीपारा, मुकेश देवांगन टिकरीपारा, नवीन श्रीवास जमुना चौक के खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए। मुस्लिम समाज के लोगों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से शिकायत करने का निर्णय लिया है। इस दौरान छोटे राजा देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, निजमुद्दीन शेख, इब्राहिम शेख, इमरान खान, पप्पू भाई, रेहान खान, सैयद आबिद अली, जफर अली, माजिद अली, साजिद अली, हाफिज इलियास, अहमद रिज़वी, वसीम खान, पप्पू खान, दादू खान, अमजद खान, इस्माइल खान सहित अन्य उपस्थित थे।

### छोटे राजा आए सामने

एसआ आर को लेकर मुस्लिम समाज की महिलाएं और पुरुष अपने बच्चों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान छोटे राजा ने भी पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आश्वस्त किया किसी का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा और किसी को छुईखदान छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज के लोग बनारस, हजारीबाग, लखनऊ से यहां सर्विस करने लगभग 150 साल पहले आए थे। मुस्लिमों की इबादत के लिए 1904 में छुईखदान के राजा ने मस्जिद बनाकर भेंट किया था। यह मस्जिद शहर के वार्ड 5 में स्थित है।

### दुधमुंही बच्ची के साथ पहुंची नगमा

पेशी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में दहशत इस कदर रहा कि पेशी शुरू होने के पहले ही महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ पहुंच गई थी। एक महिला एक माह की बच्ची के साथ पहुंची। उन्होंने बताया कि एक माह से उनका खाना पीना हराम हो गया है। ज्ञात हो कि उक्त महिला का मायका छुईखदान ही है। उसके दादा परदादा और पिता छुईखदान के निवासी है।

## जर्जर सड़कों के खिलाफ ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत कातलवाही में जर्जर सड़कों के नवीनीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। इस जनआंदोलन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शामिल होकर ग्रामीणों के साथ सड़क की बदहाली के खिलाफ आवाज बुलंद किया। इस दौरान विधायक श्रीमती बघेल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कहा कि जर्जर सड़कों के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क नवीनीकरण की मांग को लेकर संबंधित विभाग व शासन स्तर पर जल्द ठोस पहल की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आज निकलेगी नर्मदा से यात्रा


**सड़क अतरिया।** हिन्दू जन जागरण सेवा समिति द्वारा कल मंगलवार को खैरा नर्मदा से खैरागढ़ तक भव्य यात्रा निकाला जाएगा। आयोजन समिति द्वारा यात्रा की सभी तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। मंगलवार को सुबह नर्मदा मैय्या एवं कुंड की पूजा अर्चना किया जाएगा। तत्पश्चात कुंड से जल भर कर यात्रा सुबह 10 बजे रवाना होगी। जिसमें पांच सौ से भी अधिक मोटरसाइकिल में हजारों शिव भक्त शामिल होंगे। यात्रा का सड़क अतरिया, घिरघोली, भोरमपुर, झुरानदी आदि गांव में स्वागत किया जाएगा। हिन्दू जनजागरण सेवा समिति के संरक्षक खम्हन ताम्रकार, अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने क्षेत्र के सभी से यात्रा में शामिल होने अपील की है।

## सड़क निर्माण का समय खत्म, फिर भी अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत केसीजी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बनाई जा रही सड़क में अनियमितता बरतने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठाकुरटोला-लावातरा रोड से बैगापारा तक बन रही इस 1.700 किमी लंबी सड़क के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गई है। जंगल अंदर काम चलने के कारण इस ओर प्रशासन का ध्यान नही गया।

सूत्रों के अनुसार इस परियोजना में कई गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के नाम पर जंगल के पेड़ों को बेरहमी से काटा गया है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ठेकेदार ने इसके लिए वन विभाग से अनुमति ली थी या नहीं। यह जांच का विषय है। सूचना पटल के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की संभावित तिथि 22 मार्च2025 अंकित है जिसके अनुसार, निर्माण की समय सीमा समाप्त हो चुकी है किन्तु काम अब तक अपूर्ण है।



### परियोजना का विवरण

सूचना पटल के अनुसार ठाकुरटोला - लावातरा रोड से बैगापारा तक 1.700 किमी लंबी सड़क बनाया जा रहा जिसकी अनुमानित लागत 116.810 लाख है।ठेकेदार ने 7 मार्च 2024 को कार्य आरंभ किया था। कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2025 है। निर्माण एजेंसी मेसर्स केआर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स दुर्ग है।

### प्रशासन से मांग

स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई के लिए काटे गए पेड़ों की जांच हो और कार्य में देरी के लिए संबंधित एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सड़क किनारे पौधा रोपण किया जाए जिससे काटे गए पेड़ो की आंशिक क्षतिपूर्ति हो सके।

## महाशिवरात्रि को शिवालय होगा भक्तों से गुलजार

■ चोरडाधाम में लगेगा तीन दिवसीय मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र के शिवालयों में रविवार को महाशिवरात्रि श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर आयोजन समिति तैयारी में जुटी है। वनांचल स्थित चोपड़ाधाम में महाशिवरात्रि के मौके पर तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वनांचलवासी चोरड़ाधाम में स्थित डोंगेश्वर महादेव पर गहरी आस्था रखते हैं। मंदिर भी धरातल से पचास फीट नीचे चट्टान और वृक्षों से घिरा है। यहां की प्राकृतिक सौंन्दर्य लोगों को काफी आकर्षित करता रहता है। इसके अलावा नर्मदा स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि श्रद्धापूर्वक मनाने की तैयारी चल रही है। सड़क अतरिया तालाब स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना अनुष्ठान एवं मेला का आयोजन रखा गया है।



### सड़क की मांग अधूरी

नर्मदा साल्हेवारा मार्ग से चोरड़ाधाम मार्ग को पक्की करने की मांग अब तक अधूरी है। मुख्य मार्ग से मंदिर तक जाने का मार्ग महज एक किलोमीटर है। इस मार्ग में अनगिनत छोटे बडे गड्ढे है जिससे छोटी बड़ी गाडियां हिचकोले खाते गुजरती हैं। लोग धूल से लथपथ हो जाते हैं। मंदिर समिति एवं क्षेत्र के लोग लगातार इस समस्या को दूर करने की मांग कर रहें हैं।

### प्राचीन जल कुंड

नर्मदा साल्हेवारा मार्ग पर चोड़राधाम है। यहां प्राचीन काल से चट्टानों के मध्य से जल की धारा निकल रही है जो गौमुख से होकर शिवलिंग पर गिरती है। प्रत्येक पूर्णिमा एवं सावन माह में शिव भक्त इस कुंडों में स्नान कर डोंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करते हैं। बताया जाता है कि कुंड का जल औषधि युक्त है जिससे दर्द, चर्म रोग तथा पौधों में लगने वाली बीमारी को दूर हो जाती है। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

### विकसित हो रहा क्षेत्र

मंदिर समिति एवं क्षेत्र के जनप्रतिधियों के प्रयास से कुछ वर्ष पहले प्रशासन ने चोरडाधाम को पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हांकित किया है। पर्यटन स्थल के रूप यहां विकास कार्य जारी है। सड़क, सौंदर्यकरण सहित कुछ कार्य अब भी लंबित है। मुख्य मार्ग से चोरडाधाम पहुंच मार्ग कच्चा है। ग्रामीण इस मार्ग को पक्का बनवाने की मांग कर रहे हैं। वही सरोवर का सौंदर्यीकरण कर आवश्यक सुविधा मुहैय्या करा दिया जाता है तो दर्शनार्थियों को यहां आने और ठहरने में काफी सुविधा होगी।

## हिन्दी के महत्व पर चर्चा

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपीगुप्ता के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के मार्गदर्शन विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने हिन्दी के विकास और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस मनाने की घोषणा की थी। सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में डॉ नवीनसिंह



राजपूत, रितेश बंजारे, रविप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा देवांगन, नेमू साहू, मासूम वर्मा, डॉ साधना देवांगन, अंजलि रामटेकर, वासु दुबे, अश्विन गौतम, शुभम वैष्णव एवं नेलम दीवान आदि शामिल हुए।

## भाजयुमो नेताओं का स्वागत



**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे भाजयुमो के प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर और जिला महामंत्री नोमेश वर्मा, आशुतोष सिंह का मोर्चा पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।

स्वागत के दौरान शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, हिमांशु सेन, अमित बॉस, जयंत साहू, आवेश निगम, डिंपी महापात्रा, आकाश जंघेल, जय देवांगन, सावन टेम्भुरकर, दुर्गेश साहू, राकेश देवांगन, मयंक डोंगरे, कमलेश पटेल, महेंद्र त्रिपाठी, विक्रांत सिंह, कुशल चक्रवर्ती, देव वर्मा, शशांक नशीने, अक्षय यादव, सोमांशु गजेंद्र, शेखर विश्वकर्मा, अभिषेक साहू, जयप्रकाश साहू, आदित्य मिश्रा, अनुभव बाजपेयी, चिन्ना मूर्ति, ऋषभ रजत, ईश्वर साहू, बिट्टू पनेसर, जयकांत सिन्हा, साहिल शेंडे, रोशन, सत्यम यादव, सुभाष साहू, योगी, गगन, भूषण सिन्हा, पीयूष ठाकुर, द्रोणा सिन्हा, वेदांत यादव, मनीष साहू आदि शामिल थे।

## बैटमिंटन स्पर्धा में द्वियांश विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेल्व इंस्टीटयूट में विभागीय बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों किया गया जिसमें रेलवे के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने हिस्सा लिया।



अंडर 14 में विजेता द्वियांश सहारे, उप विजेता आश्वीक रहे। इसी क्रम में सिगल में विजेता एम. गुरुचरण, उपविजेता कुनाल झा तथा डबल के विजेता आमिर सिधकी, आयुष चौधरी एवं उपविजेता आशुतोष सिंह, एम गुरुचरन रहे। प्रत्येक खिलाड़ी को ट्राफी एवं मेडल देकर मुख्य अतिथि डा अभिषेक खांडेकर ने सम्मानित किया। इस दौरान एस वेकर स्वामी, बीएच वेकट सत्यनारायना आदि मौजूद थे।

## प्री प्राइमरी के बच्चों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर में ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी के बच्चों को शाला परिवार ने तोहफा दिया।

इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान, प्रशासक जी राम सिन्हा एवं पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति विद्यार्थियों ने दी। इस मौके पर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि नौनिहालों की पढ़ाई के क्षेत्र में अब एक नई शुरूआत होगी। प्री-प्रायमरी से प्रायमरी में आना बच्चों के लिए एक पड़ाव तय करने के बराबर है।




प्राचार्य सुश्री जहान ने संस्कार की महत्ता को रेखांकित किया। बच्चों ने प्रेरक गीतों की प्रस्तुति दी। केजी टू के बच्चों ने कार्यक्रमों में उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने सामूहिक नृत्य करते हुए सबका मन मोह लिया। क्वीज टाइम में के जी - 2 के बच्चों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। इस दौरान नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, कुंतल बाजपेयी, सैयद नूरजहां, श्वेता देवांगन, शिल्पा कलचुरी, लाकेश्वरी साहू, आशा साहू, सोनिका श्रीवास्तव, डोमेश्वर सिन्हा, शुभम् शेण्डे मौजूद थे। यह जानकारी व्याख्याता डॉ लोकेश शर्मा ने दी।

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
// फर्द प्रकाशन //
रा०मा० क्रं० - 202501095400046
अ-27 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदुमतरा प.ह.नं.-21 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पलता देशमुख आ० मोहन देशमुख निवासी अमलीपारा खैरागढ़ वार्ड नं. 12 खैरागढ़ जिला के.सी.जी. छ.ग. द्वारा खाता विभाजन किये जाने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन में विधिवत कार्यवाही किया जाकर ग्राम-पदुमतरा स्थित भूमि ख.नं. 744, 746 रकबा कमशः 0.8900, 1.2150 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 2.1050 हे० भूमि का हल्का पटवारी से फर्द बंटवारा सूची प्राप्त किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि पर हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची के अनुसार खाता विभाजन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे आगामी सुनवाई तिथि 13/02/2026 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही किया जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 06/02/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 06/02/2026
सुनवाई दिनांक : 13/02/2026

मोहर — नायब तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

## सीएम विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से देंगे आशीर्वाद

# 137 बेटियों के आज होंगे हाथ पीले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

महिला एवं बाल विकास विभाग की फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कल 10 फरवरी को स्थानीय मिनी स्टेडियम में 137 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया है। इस आयोजन में मोहला विकासखंड के 46, मानपुर के 55 तथा अंबागढ़ चौकी से 36 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे।

जानकारी के अनुसार सभी जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ कराया जाएगा। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी नागरिक शामिल होकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले युगलों को आशिर्वाद देंगे। वनांचल में होने वाले इस वृहद आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की गई है ताकि सभी जोड़ों एवं उनके परिजनों को सुगम एवं सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

### गरीब परिवारों को राहत

सामूहिक विवाह आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह को गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। जिला प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### हर जोड़े को मिलेगा उपहार

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए व्यय का प्रावधान है। 35 हजार का चेक वधु को उपहार स्वरूप जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। शेष राशि में से 7 हजार वधु-वर के श्रृंगार सामग्री चांदी का मंगलसूत्र, बिछिया, साड़ी, कुर्ता पजामा आदि पर व्यय किए जाएंगा। 8 हजार पंडाल, माइक, भोजन, सजावट एवं अन्य व्यवस्था के लिए निर्धारित हैं।

### मुख्यमंत्री देंगे आशीर्वाद

जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर पर यह कार्यक्रम रायपुर सहित सभी जिलों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विवाह बंधन में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।



## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 6 फरवरी को दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, विभागीय सचिव और प्रदेशभर के कलेक्टर शामिल हुए। राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रतिनिधि के तौर पर बैठक में शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने बताया कि बैठक में पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के समग्र विकास पर ठोस निर्णय दिए गए। जिसके तहत 19 जिलों के 35 विधानसभा क्षेत्र के 72 करोड़ के 1006 विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक सभी कार्यों की समीक्षा की और अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी शामिल हुए।

### रश्मिदेवी कॉलेज में अंर्तविभागीय व्याख्यान

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देसानुसार हिंदी विभाग में इक्कीसवीं सदी का भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर विषय पर अंर्तविभागीय अतिथि व्याख्यान हुआ। मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन बाद राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार आडवाणी ने सरल सारगर्भित तरीके से विषय प्रस्तुत कर व्यावहारिक ज्ञान के साथ ही तथ्यात्मक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। संचालन डॉ उमेंद कुमार चंदेल और आभार प्रदर्शन हिंदी विभागाध्यक्ष यशपाल जंघेल ने किया। इस दौरान विभाग के छात्रछात्राओ सहित अन्य उपस्थित थे।



### धरना प्रदर्शन व चक्काजाम आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम कातलवाही प्रवेश द्वार के पास मेन रोड से कातलवाही जर्जर रोड़ के खिलाफ ग्रामीण कांग्रेस एवं ग्रामवासी द्वारा कल 9 फरवरी को चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाना है। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान की उपस्थिति रहेगी।

### श्रोताओं ने श्याम के भजनों का उठाया लाभ

**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर निवासी परिहार परिवार द्वारा एक श्याम श्याम प्यारे के नाम खाटू दरबार का भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे से सजे श्याम दरबार के साथ ज्योत की स्थापना के साथ बाबा की पूजा-अर्चना कर भजन संध्या की शुरूआत हुई, जो देर रात 01 बजे तक चली। श्याम के भक्तों ने इस भक्ति में संगीत कार्यक्रम का देर रात लुफ्त उठाया और श्याम भक्ति के साथ भगवान श्याम की जयकारे लगे। कार्यक्रम में विनय अग्रवाल, टीनू शर्मा, निखिल श्याम संगम सोनी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे।



### दिलीप अध्यक्ष, तामेश्वर व पवन महामंत्री बनाए गए

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार व भाजपा जिला राजनांदगांव के निर्णयानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। पदाधिकारियों में अध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष खोरबहारा सिन्हा, उपाध्यक्ष श्यामलाल वर्मा, उपाध्यक्ष कांती मौर्य, महामंत्री तामेश्वर साहू, महामंत्री पवन निर्मलकर, मंत्री लेखराम निर्मलकर, मंत्री कमल निर्मलकर, मंत्री निशा श्रीवास, मंत्री याददास साहू, मंत्री चंद्रेश श्रीवास, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, सह-कोषाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, सह-कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा, कार्यालय मंत्री विजय सिन्हा, कार्यालय प्रभारी श्याम बघेल, कार्यालय सह-प्रभारी योगेश निर्मलकर, प्रवक्ता गप्पू सोनकर, सह-प्रवक्ता सतीश धीवर, मीडिया प्रभारी माधव साहू, मीडिया सह-प्रभार खेमचंद वर्मा (बंटी), सोशल मीडिया प्रभारी राजकुमार साहू, सोशल मीडिया प्रभारी अम्बर साहू, सोशल मीडिया प्रभारी भीषम देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी अभय कुमार सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी गजानंद सोनकर, सांस्कृतिक प्रभारी मधु वर्मा, सांस्कृतिक सह-प्रभारी द्रौपति वर्मा ग्राम धर्मापुर, कन्या सशक्तीकरण संयोजिका देवबत्ती साहू, कन्या सशक्तीकरण सह-संयोजिका कमलेश्वरी साहू शामिल है।



### मानव जीवन में आए हैं तो कर्म करने होंगे



**राजनांदगांव।** लेवर कालोनी दशहरा मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने बताया हम अपने निर्दिष्ट कर्म व संस्कारों से दूर होते चले जा रहे हैं। आज कोई कर्म करने की ओर ध्यान नहीं देता। सद्मार्ग पर चलना नहीं चाहता और फल की इच्छा करता है। ऐसा कैसे संभव हो सकता है। मानव जीवन में आए हैं तो कर्म करने करने होंगे। सदमार्ग पर चलना होगा, तभी फलों की प्राप्ति होगी। भगवान श्रीकृष्ण ने तो गीता में कह ही दिया है, आप कर्म करते चले जाएं, फल की इच्छा न करें। महराज ने बताया कि लोग कोई साधु संत महात्मा आते हैं तो भविष्य जानने लोग अपना हाथ उसके आगे कर देते हैं। महराज ने कहा कि सत्पुरुषों के आगे हाथ दिखाने के बजाय उनके हाथ अपने सिर में रखवाना चाहिए, ताकि तुम्हारा कल्याण हो सके, भविष्य सुधर सके। उनके चरण कमल वंदन और नयन कमल के प्रभाव से कर कमलों द्वारा आशीर्वाद की प्राप्ति हो जाती है।

**कथा सुनने पहुंचे जनप्रतिनिधि-** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजनकर्ता व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के इस आयोजन में कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की आध्यात्मिक भरी वाणी सुनने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। मंगलवार की कथा में पूर्व महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू मुदलियार, अमीन हुड्डा, सतीश मसीह का आगमन हुआ। उक्त जानकारी संतोष पिल्ले द्वारा दी गई।

## कलश यात्रा और बाइक रैली के साथ होगा शुभारंभ

# श्री रूक्खड़ स्वामी महोत्सव आज से, तपोभूमि बनेगी आस्था का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

छत्तीसगढ़ की धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान माने जाने वाले श्री रूक्खड़ स्वामी मंदिर परिसर में आज मंगलवार से श्री रूख्खड़ स्वामी महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह वही तपोभूमि है जहाँ परम तपस्वी संत श्री रूक्खडन्नाथ स्वामी ने सालो तक कठोर साधना कर सनातन धर्म की अलख जगाई। महोत्सव को क्षेत्र की धार्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक माना जाता है।

मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ और माँ नर्मदा के अनन्य भक्त संत श्री रूक्खडन्नाथ स्वामी ने यहाँ कठोर तपस्या कर क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा को विशेष चमत्कारी माना जाता है। वहीं विश्व में विरल रूप से विराजित भस्म स्वरूप शिव पीठ इस स्थल को अद्वितीय धार्मिक पहचान प्रदान करता है। सालो से यह स्थल श्रद्धालुओं की आस्था, साधना और सेवा का केंद्र बना हुआ है। ट्रस्ट अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने बताया कि महोत्सव के पहले ही दिन से खैरागढ़ क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनने की संभावना है। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन के साक्षी बनें।



### महामृत्यजंय यज्ञ का आयोजन

महोत्सव के दौरान मंगलवार 10 से सोमवार 16 फरवरी तक पांच दिन वेद पंचाग मूहुर्त अनुसार महामृत्युजंय यज्ञ होगा। 11 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह आठ बजे रुद्राभिषेक, पूजन बाद यज्ञारंभ होगा। 15 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन, दिव्य महारुद्राभिषेक और अखंड प्रहर पूजा सुबह 4 से दूसरे दिन सुबह 4 बजे तक होगा। सोमवार 16 फरवरी को हवन, पूर्णाहुति, विशाल भोग और महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। जन जागरण के पावन अवसर के साक्षी बनने समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से दिव्य यज्ञ में सहभागिता की अपील की है।

### कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

मंगलवार सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे लोकार्पण व समाकक्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में खैरा से खैरागढ़ तक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज के साथ शामिल होकर धर्म और संस्कारों का संदेश देंगे। दोपहर में ध्वज पूजन, भूमि पूजन, वेदी स्थापना और पूजन संपन्न होंगा। गोधूलि बेला में गो पूजन का आयोजन श्री रूक्खड़ स्वामी गो सेवा विहार में किया जाएगा। शाम 5 बजे मंदिर परिसर में दिव्य हनुमंत अभिषेक व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ट्रस्ट उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह के अनुसार यह महोत्सव धर्म, साधना, सेवा और जन-जागरण के मूल भाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। महामंडलेश्वर श्री कान्हा जी महाराज और श्री देवा जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा।

## सामुदायिक पुलिसिंग से पुलिस और आम जनता के बीच आपसी निकटता



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला**

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 फरवरी को किया गया। जिसमें 10 थाना एवं 1 पुलिस चौकी से तीन महिला एवं तीन पुरूष टीम सलेक्शन मैच के माध्यम से चयनित कुल 59 टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

जिला पुलिस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग वर्ष 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 फरवरी को किया गया।

### स्वस्थ वातावरण हेतु महत्वपूर्ण पहल

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित करना है। खेल गतिविधियों के माध्यम से आपसी संवाद, विश्वास और सहभागिता को बढ़ावा मिलता है। यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना विकसित करने, सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा समाज में स्वस्थ वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### लोगों की रही उपस्थिति

आयोजन जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रड़साय मंडावी, जिला संघ के सचिव लक्ष्मण नेताम, डीएफओ दिनेश पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारतीय चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वरजे दीवान, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप व जिले के जनप्रतिनिधि व गणमान्य तथा समस्त थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिलाओं की 59 टीमों ने भाग लिया। 10 थाना एवं 1 पुलिस चौकी में कुल 154 टीमों में से तीन महिला एवं तीन पुरूष टीम सलेक्शन मैच के माध्यम से चयनित होकर कुल 59 टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। आज कुल पुरूष के 17 मैच व महिला के 14 मैच कराया गया। यह प्रतियोगिता पुलिस एवं जनता के मध्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल भावना विकसित करने तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# स्लीपर एसी बस का शुभ आगमन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**




मां बम्लेश्वरी की पावन नगरी डोंगरगढ़ में शनिवार एक शुभ और भावनात्मक अवसर साक्षी बना, जब लोधी ट्रेवल्स की नई स्लीपर एसी बस का विधिवत पूजन मां बम्लेश्वरी मंदिर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी, ईश्वर लोधी, कमल लोधी, नारद लोधी के पूज्य पिता सीपरराम लोधी, सुप्रीमो लोधी ट्रेवल्स एवं माता अभनबाई लोधी ने मां के चरणों में दीप प्रज्वलन कर नई यात्रा के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि यह बस केवल एक नया वाहन नहीं, बल्कि हमारे परिवार की एकता, वर्षों के परिश्रम और यात्रियों के विश्वास का जीवंत प्रतीक है। मां बम्लेश्वरी, लोधेश्वर महादेव व अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी एवं परम पूज्य संत स्वामी श्री ब्रह्मानंद की कृपा से यह सेवा यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुखद और भरोसेमंद सिद्ध होगी। यात्रियों का प्रेम और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और मां का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी शक्ति। सेवा, सुरक्षा और विश्वास के मूलमंत्र के साथ लोधी ट्रेवल्स निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा। पूजन कार्यक्रम के दौरान परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों की उपस्थिति रही। सभी ने नई बस सेवा के सफल, सुरक्षित और जनहितकारी संचालन की मंगलकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय संत असंग देव के सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए विक्रांत सिंह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**



शहर के पिपरिया वार्ड में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संत असंग देव के सुखद सत्संग कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शामिल होकर आध्यात्मिक वातावरण में रसपान किया।

कार्यक्रम स्थल पर स्वागत बाद उन्होंने सत्संग सुनकर आत्मसात किया और कहा कि राष्ट्रीय संत असंग देव का आगमन क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है। संतों के सत्संग से मानव जीवन को सही दिशा मिलती है और व्यक्ति को सदाचार, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त होती है। ऐसे सुखद सत्संग समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में आध्यात्मिक आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है, जिससे व्यक्ति मानसिक शांति प्राप्त कर सके और समाज में आपसी सद्भाव एवं भाईचारे की भावना मजबूत हो। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक घम्मन साहू, दिनेश वर्मा, राकेश ठाकुर, प्रकाश वर्मा, राजू जंघेल, हर्षवर्धन वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाए सरकार

- 10 फरवरी को आप करेगा सीएम निवास का घेराव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**



आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में किसानों की अनदेखी पर कहा कि सरकार ने धान खरीदी 15 नवंबर 25 से शुरू की और 6 फरवरी को बंद कर दी है जो धान खरीदी के लिए पर्याप्त समय सीमा नही रही क्योंकि अभी भी प्रदेश में लाखों किसानों का धान खरीदा नहीं गया है।

पार्टी ने प्रदेश स्तर पर इसका विरोध किया और सरकार ने पहले 5 फरवरी, फिर 6 फरवरी तक धान खरीदने की है यह उन किसानों के साथ अन्याय है जिन्होंने कर्ज लिया है और जिनका धान अभी तक नहीं सरकार ले पाई है। किसानों की मांग और खरीदी तारीख बढ़ाने पार्टी 10 फरवरी को राजधानी में सीएम निवास का घेराव करेगी। आप के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि धान का पैसा निकालने किसान सुबह से शाम तक सहकारी बेंक मे लाइन लगाए रहते है और उन्हे एक बार मे महज 25 हजार रूपए ही दिया जा रहा हैं। सरकार ने साजिश के तहत लाखों छोटे किसानों का जबरदस्ती रकबा समर्पण करवाया। खरीदी केंद्र की रोजाना लिमिट को इस बार कम कर दिया था। टोकन कटने से पहले पटवारी, आरआई और तहसीलदार किसानों के घर जाकर भौतिक सत्यापन कर धान चेक करते दिखे तो सरकार की नजर में क्या किसान चोर हैं। मनोज गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने अमेरिका से नई ट्रेड डील में वहाँ के कृषि उत्पादों पर जीरो परसेंट टैरिफ लगाया है जबकि अमेरिका ने भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। अमेरिका का कृषि उत्पाद और डेयरी उत्पाद देश में सस्ते दामों में मिलेगा, जिससे आने वाले समय में भारत की पूरी कृषि व्यवस्था और अन्नदाता बर्बाद हो जाएंगे, निश्चित ही यह किसान विरोधी ट्रेड डील है!

### तीन लाख से ज्यादा किसान नहीं बेच पाए हैं धान

अभी भी प्रदेश में लगभग 3 लाख किसान धान बेचने से वंचित हैं ऐसे में जिन किसानों ने कर्ज लिया है वह कैसे चुकाएगा और यदि किसान इस स्थिति मे आत्महत्या करता है तो उसकी जिम्मेदार सिर्फ सरकार होगी। किसानो की हित की बात करने वाली सरकार धान खरीदी में पूरी तरह फेल हो चुकी है। जिला महासचिव श्याममूर्ति नायडू ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो किसानों के जबरदस्ती रकबा समर्पण करवाया उसके लिए सरकार किसानों से माफी मांगे। सभी किसानों को समुचित टोकन व्यवस्था करे और संभव ना तो सहकारी समिति के जरिए डायरेक्ट धान खरीदी 28 फरवरी तक करे ताकि प्रदेश का अन्नदाता किसान अपना एक एक दाना बेंच सके।

# प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**



नगर में धर्म, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम होने जा रहा है। देवाधिदेव महादेव की कृपा से द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 9 से 15 फरवरी तक संपन्न होगा। जिसमें श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त होगा।

कथा के दौरान श्रीमद् भागवत महात्म्य, भक्त प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिव–सती प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुक्मिणी विवाह सहित अनेक दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। समापन दिवस पर सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं भव्य महाआरती का आयोजन होगा।

इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा तथा 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा।

यह आयोजन महुआ ग्राउंड डिपरापारा डोंगरगढ़ एवं डिपरापारा शिव मंदिर तालाब के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन युवा समिति डिपरापारा एवं महिला समिति वार्ड नं. 23 के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजन समिति एवं वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका सभापति सुमित ताम्रकार ने नगरवासियों एवं आसपास क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से इस आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजन

# तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**



इन्दिरा कला संगीत विवि में तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय अधिष्ठाता प्रो राजन यादव ने की।

महोत्सव के प्रथम दिन हिंदी नाट्य साहित्य के प्रसिद्ध नाटककार भारतेंदु हरिश्चन्द्र द्वारा रचित कालजयी नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का प्रभावशाली मंचन किया गया। एक मूर्ख और अव्यवस्थित शासन व्यवस्था के कारण राज्य अंधेर नगरी में व्याप्त अराजकता और अन्याय को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है। नाटक में टके सेर भाजी, टके सेर खाजा जैसी स्थितियों के माध्यम से भ्रष्ट शासन प्रणाली पर तीखा व्यंग्य किया गया है। गुरु-शिष्य की कथा के माध्यम से अंत में मूर्ख राजा को उसके कर्मों का फल मिलता है। इस नाटक की प्रस्तुति बीपीएस प्रथम वर्ष के उन विद्यार्थियों द्वारा दी गई जिनका माइनर विषय थियेटर है। इसके पश्चात द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश की पारंपरिक लोकनाट्य शैली नाचा की प्रस्तुति दी गई। जिसमें ग्रामीण जीवन के यथार्थ को दर्शाते हुए समाज में फैली नशाखोरी के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया और नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। उक्त दोनों प्रस्तुतियों का निर्देशन थियेटर विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ शिशु कुमार ने किया।

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने सभी कलाकारों के उत्साह और अभिनय की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास व सृजनशीलता के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने दर्शकों से नाट्य कला का आनंद लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ मानस साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ कौस्तुभ रंजन सहित विवि के शिक्षक, अधिकारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 22वीं किस्त की राशि का माह फरवरी 2026 में हस्तांतरण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 19वीं किस्त से कुल 107275 लाभान्वित कृषक है। इनमें से 94917 कृषकों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में हो चुका है तथा 12358 कृषकों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में किया जाना शेष है। जिनमें राजनांदगांव विकासखंड के 2944, डोंगरगांव के 2758, डोंगरगढ़ के 2680 एवं छुरिया के 3982 कृषक शामिल हैं। साथ ही जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवायसी के 691, लैंड सीडिंग के 67, आधार सीडिंग के 1014 एवं सस्पेक्टेड केस के 992 प्रकरण लंबित है।

## सार समाचार

### शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को बड़ी राहत : कोमल

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और राहतकारी निर्णय लिया गया है। इस आदेश के अनुसार 31 अगस्त 2024 के पूर्व भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को अब योजना में शामिल कर आवास निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जाएगी।



श्री राजपूल ने कहा कि अक्सर शहर में मध्यमवर्गीय परिवार जो झुग्गी झोपड़ी या एलआईजी या एमआईजी मकानों में रहते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति अपना घर बनाने की नहीं होती। भाजपा शासन की यह संवेदनशील और जनहितैषी पहल उन हजारों गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की नई किरण लेकर आई है, जो वर्षों से अपने घर के सपने को संजोए हुए थे। अब ऐसे हितग्राही, जिनके पास भूमि संबंधी आवश्यक प्रमाण उपलब्ध हैं तथा जो शासन की पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ मिलेगा। श्री राजपूत ने बताया कि पात्र हितग्राही को ढाई लाख रुपए की केंद्रीय सहायता व 1.80 लाख रुपए की ब्याज सब्सिडी तथा 25 लाख रुपए तक (ईडब्ल्यूएस) लोन दिया जाएगा।

### कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में बसंत पंचमी आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में बेस्ट प्रैक्टिस समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य, निदेशक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर ज्ञान, विवेक एवं सफलता की कामना की।



पूजा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और नवीन ऊर्जा का पर्व है। ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं।

महाविद्यालय के निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी उतना ही आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। पूजा-अर्चना एवं भजन प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। आयोजन के अंत में उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

### दिग्विजय कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केके देवांगन के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा "एडवांस्ड अलजेब्रा अब्स्त्रेक्ट एंड इट्स एप्लीकेशन्स" पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मयूर गोस्वामी सहायक प्राध्यापक कल्याण पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय भिलाई उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते डॉ. कविता साकुरे ने डॉ. मयूर गोस्वामी से विद्यार्थियों का परिचय करवाया। तत्पश्चात डॉ. केके देवांगन ने बताया कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास हेतु समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।



व्याख्यान की शुरूआत करते डॉ. मयूर गोस्वामी ने गणित के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को "एडवांस्ड अलजेब्रा एब्स्ट्रैक्ट एंड इट्स एप्लीकेशन्स" पर विषय पर संबोधित किया। उन्होंने एब्स्ट्रैक्ट अलजेब्रा के महत्वपूर्ण अध्याय 'मॉड्यूल की अवधारणा को सरल एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि मॉड्यूल, वेक्टर स्पेस का सामान्यीकृत रूप है, जो किसी क्षेत्र के स्थान पर वलय पर परिभाषित होता है और उच्च स्तरीय गणित के अध्ययन में इसका विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि मॉड्यूल का उपयोग रिंग थ्योरी, कोडिंग थ्योरी तथा क्रिप्टोग्राफी में होता है। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। मंच संचालन डॉ. कविता साकुरे और आभार ज्ञापन अतिथि व्याख्याता रवि सोनकर द्वारा किया गया। इस व्याख्यान में अतिथि व्याख्याता डॉ. भीम सिंह पटेल, एमएससी पूर्व एवं अंतिम गणित के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### भांठागांव में महाशिवरात्रि पर अनुष्ठानिक आयोजन

**राजनांदगांव।** ग्राम गठुला-भेड़ीकला समीप ग्राम भांठागाव में जमीन फोड़ प्रकट हुए स्वयं-भू-लिंगेश्वर में 15 फरवरी महाशिवरात्रि अवसर पर भव्य अनुष्ठानिक आयोजन, भजन-पूजन, शिव रुद्राभिषेक आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

भगवान स्वयं-भू-लिंगेश्वर मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि अवसर पर ग्राम भांठागांव में भगवान स्वयं-भू-शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ती है। ग्राम भांठागांव में मेला-मंडई जैसा माहौल बना रहता है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह वेदमंत्रो के बीच भगवान शिव लिंगेश्वर का रुद्राभिषेक, शिव स्त्रोत, शिव चालीसा का पाठ, शिव पंचायत पूजा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप आदि के साथ रायपुर की हरिहर रामायण समिति की संगीतमयी रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

### कबड्डी में बालिका टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** जिला कबड्डी संघ के आजीवन अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि विगत दिनों कोरर जिला कांकेर में आयोजित ऑल इंडिया टूर्नामेंट में राजनांदगांव की बालिका टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस तिथि में बागबाहरा ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट में रायपुर जिला उड़ीसा प्रदेश जैसी बड़ी टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची राजनांदगांव बालिका टीम ने दिल्ली की मजबूत टीम को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी, सचिव एवं कोच ललित साहू, नगर निगम कबड्डी टीम के अध्यक्ष महेश साहू, सचिन तीर्थ गोस्वामी, राजनांदगांव जिला के पूर्व सचिव तुलसी मांडवी, उपाध्यक्ष हरीश साहू, कोषाध्यक्ष चौथराम साहू ने खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बधाई दी।



### गश्त के दौरान 45 से अधिक लोगों की जांच, बदमाशों में मची हड़कंप

# आधी रात पुलिस की कॉम्बिंग गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत शहर में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर 45 से अधिक लोगों से पूछताछ की। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान हेतु 3 अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिनके द्वारा थाना कोतवाली, थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी चिखली क्षेत्रों के संवेदनशील मोहल्लों एवं कॉलोनियों में सघन कॉम्बिंग गश्त की गई।

#### रात में अनावश्यक ना घूमने की समझाईश

कॉम्बिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडा बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। साथ ही पूर्व में अपराध में संलिप्त रहे नाबालिग बालकों के घर जाकर उनके माता-पिता को बच्चों को रात्रि समय अनावश्यक रूप से बाहर न घूमने देने की समझाइश भी दी गई।

#### 60 से अधिक अधिकारी जवान रहे शामिल

पुलिस के अनुसार कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 60 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे, जिन्होंने गली-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों एवं सूनसान क्षेत्रों में भ्रमण कर 45 से अधिक असामाजिक एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच-पड़ताल की गई। बताया गया कि अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र के लखोली बैगापारा, दुर्गा चौक, राजीव नगर, पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र के 16 खोली स्टेशन, शंकरपुर, शांतिनगर, मोतीपुर, रामनगर, थाना बसंतपुर क्षेत्र के कुंआ चौक एवं नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, डबरीपारा में विशेष रूप से चेकिंग की गई।

#### एसपी ने किया मोहारा चौकी का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस चौकी मोहारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चौकी की संपूर्ण कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण तथा अनुशासनात्मक व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। ड्यूटी में तैनात जवानों से संवाद कर उनके हालचाल एवं कार्य अनुभवों की जानकारी प्राप्त की गई। थाना अभिलेखों की जांच कर पुलिस रेगुलेशन एवं बेसिक प्रिंसिपल्स के अनुरूप सभी रजिस्टरों का सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं नियमबद्ध संधारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।



थाना स्टाफ को कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सजगता, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।
निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ का मनोबल एवं कार्य के प्रति समर्पण अत्यंत सराहनीय पाया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त स्टाफ की प्रशंसा कर शाबाशी दी गई।

### शराब कोचिया पकड़े गए, 33 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को पकड़कर 33 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 8 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटनास्थल भदौरिया चौक फ्लाई ओवर के नीचे से आरोपी एवन दास मानिकपुरी 42 वर्ष साकिन सहदेव नगर के कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन कीमती 1280 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 200 रुपए एवं घटनास्थल मुरूम खदान अटल आवास लखोली के पास आरोपी लोकेश साहू 29 वर्ष राजीव नगर लखोली के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा कीमती 1360 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 130 रुपए, दोनों आरोपियों के कब्जे से 33 पौवा देशी शराब कीमती 2640 रुपए एवं नगदी रकम 330 रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ पृथक-पृथक धारा 34 (1) आबकारी एक्ट कायम किया गया।

### कार्यशाला में 5 शिक्षक हुए शामिल



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के चयनित लगभग 110 शिक्षकों में से राजनांदगांव जिले के 5 शिक्षकों ने भारतीय विज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान आईसर पुणे में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला में अपनी उपस्थिति एवं सहभागिता प्रदान की।

कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। राजनांदगांव जिले से 5 शिक्षकों में थंगेश्वर कुमार साहू शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार, वीरेंद्र कुमार रंगारी शा.उ.मा. विद्यालय टप्पा, अंजना साहू शा.उ.मा.विद्यालय जंगलपुर, धनेशराम कटझरे डॉ.बलदेव प्रसाद मिश्र विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव, गीतांजलि बोरखे शा.उ.मा.विद्यालय मुरमुंदा आदि ने कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में अपनी उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को आईसर पुणे के साइंस सेंटर का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस आईसर पुणे के डीन मुखर्जी द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया । प्रशिक्षण में भाग लेने सभी शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, एपीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं स्टॉफ सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## कायस्थ समाज के निर्वाचन में लक्की अध्यक्ष, शरद बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कायस्थ सभा-कायस्थ समाज द्वारा विभिन्न पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करते अध्यक्ष पद पर लक्की श्रीवास्तव, सचिव पद पर शरद श्रीवास्तव, उपाध्यक्षद्वय अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर अखलेश श्रीवास्तव एवं महिला अध्यक्ष के पद पर श्रीमती प्रतिमा अवनिन्द्र लाला को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

कायस्थ सभा-कायस्थ समाज काचरी रोहणीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि समाज में लंबे समय से लंबित निर्वाचन की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की गई है। निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान के तहत 5 संरक्षक, 12 क्रियाशील सदस्य एवं 212 साधारण सदस्यता ग्रहण की गई। सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण निर्वाचन की प्रक्रिया सम्यक रूप से पूर्ण मानते हुए लक्की श्रीवास्तव को अध्यक्ष, शरद श्रीवास्तव को सचिव, अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, अखलेश श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष एवं प्रतिमा अवनिन्द्र लाला को महिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में संध्या आरती उपरांत स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में कृष्णा श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव व रोहणीकांत श्रीवास्तव द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



#### कार्यकारिणी का विस्तार शीघ्र

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि बहुत जल्द कार्यकारिणी का विस्तार कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। नवनिर्वाचित सचिव ने कहा कि हम सब मिलकर सबके सहयोग से कायस्थ समाज को एक नई दिशा देने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर पोपटलाल श्रीवास्तव, जयनारायण श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, आइसी श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव लाला, सुनील श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, इंदुबाई श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव, प्राची श्रीवास्तव, रामकली श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास स्कूल

**राजनांदगांव।** पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास नगर पालिका निगम स्कूल में आज कल्चर फेस्ट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष एवं इस स्कूल के पूर्व छात्र नीलू शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

शहर के गांधी सभागृह में आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव के अवसर पर पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। आयोजन में शामिल होते हुए पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने संबोधित करते इस आयोजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय के आप कभी विद्यार्थी रहे हो और वहां अतिथि बनकर आने का अवसर मिले तो यह काफी गौरवान्वित करने वाला विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थी सुदेश यादव, श्रवण मिश्रा, सतीश व्यवहारे, मनीष गौतम, रविंद्र सिंह, इमामुद्दीन सोलंकी, आलोक जैन, राजकुमार गुप्ता, गेमु कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

#### पूर्व छात्र मिलन समारोह की तैयारी

पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां पर पूर्व विद्यार्थियों की एक एल्युमिनी मीट आयोजन होगा। जिसकी भव्य रूप से तैयारी की जा रही है। इस सांस्कृतिक उत्सव के आयोजन पर इस विषय में भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर निकले विद्यार्थी आज कई अच्छे मुकाम पर हैं। सभी को आमंत्रित किया गया है, ताकि उनका सम्मान किया जा सके और अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित हो सके।

## ध्यान करने से दूर होते हैं विकार : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लेवर कालोनी दशहरा मैदान में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री को सुनने लोगों की भीड़ रही। महराज नरेंद्र नयन शास्त्री ने अपने अंतिम दिन की कथा में लोगों को कहा कि संत, महात्मा, साधु पुरुषों का दर्शन मोक्ष का द्वार खोलने वाला है। उनका सत्संग लाभ लेनी चाहिए, ज्ञान की बात सुननी चाहिए। संत का हृदय नवनीत के सामान होता है।

उन्होंने बताया कि संत, गुरु, महात्मा जितने जल्दी क्रोधित होते हैं, उतने जल्दी शांत भी हो जाते हैं। जल्द ही क्रोधित होने वाले दुर्वासा ऋषि एक बार भगवान श्रीकृष्ण से मिलने गए। उनके आवभगत में रूख्मणी से देरी हो गई, इससे वे क्रोधित हो गए। इससे रूख्मणी ऋषि के चरणों में गिर गई। शांत हुए ऋषि ने उसे प्रायश्चित करने 11 महीने तक जल पीकर रहने व भगवान श्रीकृष्ण से अलग रहने कहा। शास्त्री ने कहा कि ऐसा भगवान श्रीकृष्ण जी चाहते थे। भगवान 25 वर्ष के थे और रूख्मणी 16 वर्ष की थी, इसलिए ब्रह्मचर्य साधना के लिए इसका सहारा लिया गया। महराज ने भगवान श्रीराम को सबसे बड़ा ब्रह्मचारी बताया और कहा कि एक पत्नीव्रत रहकर सर्वांग सुंदरी बनकर आई सुर्पनखा की ओर उन्होंने एक नजर भी नहीं डाली। भगवान श्रीकृष्ण का विवाह चाहे जामवंती से हो या सत्यभामा या कालिंदी सबके पीछे एक कारण जुड़ा रहा।



#### भागवत कथा में श्रीकृष्ण -सुदामा के मैत्री दृश्य पर छलक पड़े आंसू

नगर निगम नेता प्रति संतोष पिल्ले द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के लिए समाजसेवी शारदा तिवारी, पूर्णिमा साहू, क्रांति मौर्य आदि के अलावा पेटी ग्रुप के झम्मन देवांगन, श्री मिश्रा, राजेश, थामस, जयनारायण आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु को संबोधित करते कथावाचक शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के अटूट दोस्ती का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथास्थल में यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। जिसमें पिल्ले परिवार के अलावा बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। जिनके द्वारा स्वाहा ध्वनि के साथ आहूति प्रदान की गई। उक्ताशय की जानकारी संतोष पिल्ले द्वारा दी गई।

## एनबीआईएस बना क्विज चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में गत दिनों इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा व डॉ. जेबी सिंग मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल लालबाग के छात्रों ने अपनी सहभागिता दी। प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के छात्र शामिल हुए।

प्रतियोगिता की शुरूआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। क्विज प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, पजल, स्पेलिंग, आडियो विजुअल, रेपिड फायर जैसे राउंड ने बच्चों की तार्किक शक्ति को और अधिक मजबूत किया। प्रतियोगिता में एनबीआईएस से लक्ष्य साहू, रचित अग्रवाल व अनन्या साह के साथ कार्डिनेटर शिक्षिका सुष्मिता मंडल रही। एनपीएस से छवि शर्मा, अद्वविता जैन व कृतकौर छाबड़ा के साथ कार्डिनेटर शिक्षिका ललिता साहू रही। डॉ. जेबी सिंग मेमोरियल स्कूल से यश कुमार साहू, नीखिल कुलहरे व शिवम साहू के साथ कार्डिनेटर शिक्षिका हर्षा सोनी उपस्थित रही। एपीएस से साहिबा नूरी, निहारिका साहू व पियुषा कडियम के साथ कार्डिनेटर एनोश नाग रहें। क्विज प्रतियोगिता में एनबीआईएस प्रथम, एनपीएस द्वितीय व डॉ. जेबी सिंग मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किए।



सभी विजयी टीमों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । सभी टीमों के उपस्थित कार्डिनेटर शिक्षिक को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा विजयी टीमों को बधाई देते अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन में प्रतियोगिता होना आवश्यक है। प्रतियोगिता के माध्यम से ही हमें हमारी क्षमता का आंकलन होता है। हारना-जीतना मायने नहीं रखता, पर प्रतियोगिता में भाग लेना महत्वपूर्ण है, इसलिए परीक्षा से कभी डरना नहीं चाहिए। परीक्षा द्वारा ही हमें हमारी उपलब्धियां हासिल होती है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

# योजनाओं का फिल्ड में करें विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बीते दिनों कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत बच्चों के परीक्षा की तैयारी अच्छे से होनी चाहिए। अच्छे परिणाम के लिए बच्चों को सतत मार्गदर्शन दें। उन्होंने कहा कि गणित, अंग्रेजी, विज्ञान विषय पर ध्यान देते पढ़ाई कराएं। उन्होंने नीट ऑनलाइन कोचिंग से अधिक से अधिक पंजीयन कराने कहा। उन्होंने धान के उठाव में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी निर्माण एजेंसियों से कहा कि समय पर टेंडर करते निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें।



कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए फिल्ड विजिट करें तथा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि किसानों को मत्स्य पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर दें और उन्हें मत्स्य पालन हेतु शासन की अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शासन की महती योजना है। इसके लिए अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करें एवं लाभान्वित करें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं सड़क दुर्घटना से सावधानी के लिए जनसामान्य को जागरूक करने कहा। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर जांच करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।



### कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजन व श्रोता कथा श्रवण करने पहुंच रहे

# श्रीराम कथा के तृतीय दिवस श्रद्धा व भक्ति-भाव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

सरदार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस का आयोजन गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कथा स्थल पर दिनभर श्रीराम नाम की गूंज बनी रही और भक्ति रस की अविरल धारा से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। तृतीय दिवस की कथा में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रख्यात विद्वान कथावाचकों ने श्रीराम चरित्र के विविध प्रसंगों का भावपूर्ण एवं सारगर्भित वर्णन किया। वक्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्यबोध पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समाज के लिए उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। जबलपुर से पधारीं सुप्रसिद्ध कथावाचिका सुश्री सुनीता शास्त्री ने संक्षिप्त लेकिन गहन कथा-वाचन के माध्यम से श्रीराम के आध्यात्मिक रहस्यों को सहज भाषा में प्रस्तुत किया। उनकी सुरीली एवं भावप्रवण वाणी से प्रस्तुत भक्ति रस ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर रामनाम के सुमिरन में लीन नजर आए।

छत्तीसगढ़ के चांपा से पधारे पं. राजेश प्रसाद शर्मा ने छत्तीसगढ़ी लोकभाषा में अयोध्या राज्य और लंका राज्य का तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया। उन्होंने लोकजीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से धर्म और अधर्म, मर्यादा और अहंकार के अंतर को सरल ढंग से समझाया, जिससे श्रोताओं में विशेष उत्साह देखा गया।कार्यक्रम का संचालन पं. नीतभद्र शर्मा द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। कथा आयोजन में ग्राम कुण्डा के समस्त ग्रामवासी, प्रभात फेरी मंडली, सरदार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य सी.एल. चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर श्रीराम कथा का रसपान कर स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रहे हैं।

**युवाओं को संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संदेश दिया**





उत्तरप्रदेश के जौनपुर से पधारे पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय ने अपने ओजस्वी और देशभक्ति से ओत-प्रोत वक्तव्य से श्रोताओं में राष्ट्रचेतना का संचार किया। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों को वर्तमान सामाजिक परिवेश से जोड़ते हुए युवाओं को संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। काशी से पधारे पं. ब्रह्मदेवाचार्य ने महाभारत एवं विभिन्न पुराणों के प्रसंगों के साथ श्रीराम कथा का समन्वय स्थापित करते हुए गूढ़ एवं पांडित्यपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की। उनके विचारोत्तेजक कथन श्रोताओं के बीच विशेष चर्चा का विषय रहे। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आसपास के ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

# श्री अखंड नवधा रामायण में राम-भरत मिलाप की भावुक प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम पेंड्रीकला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 3 से 11 फरवरी तक आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण में मानस मंडली त्रिवेदी संगम गोल्हापारा-लोरमी द्वारा श्रीराम-भरत मिलाप की अत्यंत भावुक और शानदार प्रस्तुति दी गई। संगीतात्मक कथा वाचन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया, वहीं भरत मिलाप की कथा सुनकर अनेक भक्तों की आंखें नम हो गई। मानस मंडली ने रामायण के इस मार्मिक प्रसंग का सजीव वर्णन किया, जिसमें चित्रकूट में श्रीराम और भरत का मिलन होता है। कथा में बताया गया कि जब भरत को यह ज्ञात हुआ कि माता केकैयी के वरदान के कारण श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मिला है, तो वे अत्यंत व्यथित होकर राम को वापस लाने चित्रकूट पहुंचे। सेना के आगमन पर लक्ष्मण को संदेह हुआ, परंतु श्रीराम ने भरत के प्रति अपने अटूट प्रेम और विश्वास को प्रकट करते हुए कहा कि भरत उनके प्राणों से भी प्रिय हैं। चित्रकूट में राम-भरत का मिलन अत्यंत करुण और भावुक रहा। भरत राम के चरणों में गिर पड़े और अयोध्या लौटकर राज्य संभालने का आग्रह किया। पिता दशरथ के स्वर्गवास और माता के कर्मों के कारण स्वयं को कलंकित मानते हुए भरत ने राम से अयोध्या का राज्य संभालने की प्रार्थना की। इस प्रसंग में भाई-भाई के प्रेम, त्याग और मर्यादा की अद्भुत झलक देखने को मिली। श्रीराम ने पितृ वचन का पालन करते हुए 14 वर्षो के वनवास को पूर्ण करने का संकल्प दोहराया। अंततः भरत, श्रीराम की चरण पादुकाएँ सिर पर रखकर अयोध्या लौटे और उन्हें सिंहासन पर विराजमान कर सेवक भाव से राज्य संचालन करने लगे। यह दृश्य सुनकर पूरा पंडाल भक्ति और करुणा से भर उठा। श्री अखंड नवधा रामायण में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।



## वृद्धाश्रम में बुजुर्गो संग मनाया जन्मदिन, बाटी खुशियां



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम बरबसपुर निवासी श्रीमती मंजूषा-नोहर कोसरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंच कर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। मौका यदि जन्मदिन का हो और धूमधड़ाके के साथ पार्टी न हो यह बात हजम नहीं होता। लेकिन आज भी कई युवा ऐसे हैं, जो आधुनिकता की चकाचौंध से दूर रहकर बड़ी सादगी के साथ अपना जन्मदिन मनाते हैं। ऐसे ही युवाओं में से एक हैं श्रीमती मंजूषा नोहर कोसरिया ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर धूमधड़ाका के साथ पार्टी करने के बजाय दीन-दुखियों की सेवा को प्राथमिकता दी। ताकि उन्हें भी महसूस होने वाला एकाकीपन थोड़ा कम हो सके। उन्होंने कहा कि यहां ऐसे लोग हैं जिन्हें अलग-अलग कारण से उनके परिवार ने छोड़ दिया है। ऐसे भी लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है, लेकिन फिर भी कुछ अनजान उनके भोजन, रहने खाने-पीने की व्यवस्था करवाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो अपना जन्मदिन की खुशी इन्हीं के साथ मनाते हुए इनका आर्शीवाद प्राप्त किया। वृद्धाश्रम में जन्मदिन मनाते हुए मंजूषा कोसरिया ने वृद्धजनो को मिठाई और गमछा वितरण कर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों का आर्शीवाद लिया।

# पिपरिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनोज नाविक एवं कमलकांत नाविक, कमलकांत गुप्ता, शत्रुहन साहू, योगेंद्र निर्मलकर एवं संस्था प्रमुख नंद कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया, कार्यक्रम में बच्चों ने कर्मा, पंथी, राउत नाचा, ददरिया, देश भक्ति गीत व भाषण आदि के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें मोनिका साहू, संदीप साहू, निशा साहू, कौशल्या जायसवाल, वेदिका साहू, जान्हवी साहू, संजय सहित लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी, पालक गण एवं संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया गया।



## राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में जीते तीन स्वर्ण पदक



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थी खिलेश्वर पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और अदम्य साहस के बल पर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। खिलेश्वर ने 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। राजधानी रायपुर में विगत दिनों 28 से 30 जनवरी तक आयोजित इस भव्य राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से लगभग 300 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत ऊंचा था और प्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खिलेश्वर पटेल ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलेश्वर पटेल ने 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद जैसी कठिन स्पर्धाओं में भाग लेकर तीनों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का परिचय दिया। उसकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। खिलेश्वर की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर जैसे ही विद्यालय पहुंची, श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में हर्ष और उल्लास का वातावरण बन गया। विद्यालय के प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी ने खिलेश्वर को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने भी खिलेश्वर की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा मण्डल कुण्डा का जी राम जी मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन सम्पन्न

- विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना को सुदृढ़ करना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा का ग्राम कुण्डा में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार भट्ट के एवं अतिथियों के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन पर कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत रामकुमार भट्ट के नेतृत्व में ग्राम कुण्डा विकसित भारत जी राम जी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन कार्यक्रम पर बैठक आहूत किया गया।

बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रभारी रामकुमार भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 में विधेयक मनरेगा को प्रतिस्थापित कर ग्रामीण भारत में रोजगार सुरक्षा को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करता है, यह 2047 तक आत्मनिर्भर गांवों के लक्ष्यों के साथ टिकाऊ बुनियादी ढांचे जल सुरक्षा और विकसित ग्राम पंचायत योजना के जरिए ग्रामीण आजीविका मजबूत करेगा, श्री भट्ट ने कहा तकनीकी और पारदर्शिता योजना में बायोमैट्रिक सटीकता रियल टाइम मैनिटरिंग और एआई का उपयोग कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत मजदूरों को 15 दिन के बजाय हर सप्ताह भुगतान की व्यवस्था की जा रही है, श्री चंद्रवंशी ने कहा व्हीबी जी राम जी के तहत जल सुरक्षा मजबूत सड़के आजीविका के बुनियादी ढांचे और जलवायु अनुकूल कार्यो पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होने कहा विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना को सुदृढ़ करना है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का यह विधेयक ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में एक नई कार्य संस्कृति लाने का प्रयास जो रोजगार के साथ साथ संपति सृजन पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री गीताराम साहू, सुमन गुप्तार कृष्णा चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, सेवाराम कुर्रे, दिलीप चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, मुकेश यदु, सरिता वैष्णव, संगीता निर्मलकर, भानुमती साहू, बबली साहू, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, नूतन चंद्राकर, अश्वनी यदु, संतोष ध्रुव, सुधाराम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



# शिव कथा में आर्या त्रिपाठी ने सुनाया रुद्र अवतार का रहस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुश्री आर्या त्रिपाठी ने शास्त्रों में वर्णित रामभक्त हनुमान के शिव अवतार से जुड़ी पौराणिक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव के एकादश रुद्र अवतार असुरों के संहार एवं देवताओं की रक्षा के लिए उत्पन्न हुए थे। इन 11 रुद्रों में हनुमान जी को 11वां और सर्वाधिक प्रमुख अवतार माना गया है, जिन्होंने त्रेतायुग में श्रीराम की सेवा और रावण के विनाश हेतु अवतार लिया। कथा में बताया गया कि रावण के अहंकार को तोड़ने और प्रभु श्रीराम के कार्यो में सहयोग करने के लिए भगवान शिव ने हनुमान रूप में रुद्र अवतार लेने का संकल्प किया। जब रावण ने कठोर तप कर शिव जी को प्रसन्न कर दस सिरों का वरदान प्राप्त किया, तब शिव ने उसके संहार के लिए 11वें रुद्र के रूप में अवतरण का निश्चय किया। पवन देव के माध्यम से शिव की रुद्र शक्ति माता अंजनी के गर्भ में प्रविष्ट हुई, जिससे हनुमान जी का जन्म हुआ। हनुमान जी को सभी देवताओं से दिव्य शक्तियां प्राप्त थीं, जिससे वे अजेय बने। उन्होने बताया कि श्रीराम चरित मानस में भी हनुमान जी को शिव अवतार के रूप में स्वीकार किया गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने धर्म की स्थापना और रावण वध के लिए राम अवतार लिया, तब भगवान शिव ने अपने आराध्य विष्णु की सेवा हेतु हनुमान अवतार ग्रहण किया। कथा के अनुसार सुमेरु पर्वत के स्वामी राजा केसरी और माता अंजना पुत्र प्राप्ति के लिए तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने वरदान दिया। माता अंजना ने ऐसा पुत्र मांगा जो बल में रुद्र समान, गति में वायु समान और बुद्धि में गणपति समान हो। तब भगवान शिव ने पवन देव के माध्यम से अपनी रौद्र शक्ति अंजनी के गर्भ में स्थापित की और चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ। कथा में यह भी बताया गया कि भगवान शंकर को भगवान विष्णु से दास्य भाव का वरदान प्राप्त था, इसी कारण उन्होंने हनुमान के रूप में श्रीराम की सेवा की और रावण वध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शासकीय विद्यालय संस्कार व सामाजिक सद्भावना का केंद्र है: गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्राचार्य एसोसिएशन द्वारा 8 फरवरी को रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षा गृह में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं अभिनन्दन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अहिवारा विधान सभा के विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा विभाग में दस वर्षो से लंबित 2800 प्राचार्यो की पदोन्नति करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के अभिनंदन हेतु आयोजित समारोह में प्राचार्य एसोसिएशन के संयोजक अनिल शुक्ला, प्रांताध्यक्ष रमाकांत झा, महासचिव श्याम कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष शिरीष तिवारी, मलखम वर्मा, रुद्र कुमार वर्मा व्याख्याता संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव सहित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत गजमाला पहनकर किया। मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालय बच्चों के संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव के केंद्र है, क्योंकि शासकीय विद्यालय में गरीब, अमीर तथा समाज के सभी समुदाय के बच्चे एक साथ अध्ययन करते हैं। पहले जब शासकीय विद्यालय में संसाधन का अभाव था तो छात्राओं की दर्ज संख्या बहुत ज्यादा थी किंतु आज जब शासकीय विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है तब शासकीय विद्यालयों में निरंतर कम हो रही दर्ज संख्या हमारे शिक्षकों एवं प्राचार्यो के लिए एक चिंतन का विषय है। मेरे कार्यकाल में पदोन्नति का कार्य प्राथमिकता में है जो कि निरंतर जारी रहेगा तथा शिक्षकों की उचित मांगों पर सार्थक निर्णय समय पर लिए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि श्री कोर्सेवाडा ने कहा कि समय के साथ शिक्षकों के सम्मान में परिवर्तन हुआ है, पहले समाज का उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति, शिक्षकों को सम्मान देता देता था। किंतु आज एक छोटा सा जनप्रतिनिधि एवं नेता भी पहले शिक्षक से सम्मान पाने की सोच रखता है, शिक्षकों को समय के प्रति पाबंद होकर अपना कार्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। रायपुर उत्तर विधायक विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि भारत शासन के गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रणा एवं कार्ययोजना के चलते सम्मेलन में मुख्यमंत्री के नहीं पहुंच पाने के कारण प्रदेश के प्राचार्य साथियों के साथ प्रदेश के समस्त शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम मेरे विधान सभा क्षेत्र में प्राचार्य एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की संपूर्ण व्यवस्था स्वयं करूंगा। विश्विद्यालय के कुल सचिव श्री पटेल ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति के बाद भी प्राचार्य अध्यापन कार्य से जुड़े रहे तथा नियमित रूप से दो कालखंड अध्यापन कार्य करते रहें। प्राचार्य एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी पदोन्नत प्राचार्यो को बधाई देते हुए पदोन्नति प्रक्रिया में संचालनालय से न्यायालय तक संघर्ष में साथ देने वाले साथियों एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के छः माह के कार्यकाल में 2800 प्राचार्य, व्याख्याता एवं संभाग तथा जिला स्तर पर शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों सहित दस हजार की पदोन्नति करने एवं पारदर्शिता के साथ पदांकन करने के लिए आभार व्यक्त किया।



**// मुकदमे के फैसले के बारे में समंस//**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 02/2026
पेशी तारीख - 02/03/2026
प्रोसेस नंबर 86/2026

गोलबाई------------------------------आवेदक
बनाम
आम जनता वगैरह---------------- अनावेदकगण

बनामः- जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 02.03.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 06 माह 02 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप–** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर

**(कु. रूचिता अग्रवाल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**



**खबर संक्षेप**

### रायपुर साहित्य महोत्सव का प्रसारण आज

**कवर्धा।** साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम साहित्य पर्व शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 10, 12, 15, 17, 19 एवं 22 फरवरी को शाम 3.30 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कार्यक्रम को टाटा प्ले चैनल नंबर 1174, डीडी फ्री डिश तथा डीडी छत्तीसगढ़ चैनल पर पूरे देश में देख सकेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम डीडी छत्तीसगढ़ के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगा। मोबाइल उपयोगकर्ता इस एप के माध्यम से भी देख सकते हैं, जिसे एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। साहित्य पर्व का निर्माण जनसंपर्क विभाग के सहयोग से इरा फिल्म्स द्वारा किया गया है। इस प्रसारण के माध्यम से रायपुर साहित्य महोत्सव के प्रमुख सत्रों, चर्चाओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

### एक दिवसीय कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के तहत 06 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय पण्डरिया में एक दिवसीय कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ना तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बैंक प्रतिनिधियों द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं उद्यम स्थापना की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 20 उद्यमियों ने भाग लिया। इनमें से 02 उद्यमियों ने गुड़ निर्माण उद्योग तथा 04 उद्यमियों ने आटा निर्माण से संबंधित खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमियों को योजनाओं का लाभ लेने, वित्तीय सहायता प्राप्त करने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# भोरमदेव कारखाने से अब तक किसानों को 46.77 करोड़ का किया गया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को एक और बड़ी राहत दी गई है। कारखाने ने हाल ही में 06.93 करोड़ रूपए की राशि जारी करते हुए अब तक कुल 46.77 करोड़ रूपए का भुगतान पूर्ण कर दिया है। समयबद्ध और निरंतर भुगतान से क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया लगातार जारी है, जिससे सहकारी व्यवस्था पर किसानों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन के अनुसार यह निरंतरता न केवल किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है, बल्कि कारखाने के सुचारु संचालन को भी स्थायित्व प्रदान कर रही है। पेराई सत्र की जानकारी देते हुए कारखाना प्रबंधन ने बताया कि अब तक 2,33,455 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई पूर्ण की जा चुकी है, जिससे 2,74,322 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह सफलता किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कार्यकुशलता का संयुक्त परिणाम मानी जा रही है।

## सहकारिता को सशक्त बनाने की अपील



इसी क्रम में कारखाना प्रबंधन ने शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की सकारात्मक अपील की है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यह कोई चेतावनी नहीं, बल्कि सहकारी संस्था को मजबूत करने और किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का साझा प्रयास है। प्रबंधन ने बताया कि विगत पेराई सत्र 2024-25 तथा वर्तमान सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कारखाने की पूर्ण पेराई क्षमता का उपयोग नहीं हो सका, जिससे पेराई अवधि प्रभावित हुई। पर्याप्त आपूर्ति से उत्पादन बढ़ेगा और भविष्य में भी किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## पंजीकृत किसानों को कारखाना में गन्ना देना अनिवार्य

कारखाना प्रबंधन ने पंजीकृत उपविधियों का हवाला देते हुए बताया कि उपविधि धारा 07(02)(घ) के अंतर्गत सदस्य किसानों के लिए अपना उत्पादित गन्ना कारखाने में देना अनिवार्य है। वहीं धारा 09(क)(05) में यह प्रावधान है कि लगातार सर्वे के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर सदस्यता समाप्त की जा सकती है। प्रबंधन ने दोहराया कि इन नियमों का उद्देश्य दंड नहीं, बल्कि संस्था की निरंतरता और किसानों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा है।

## किसानों एवं श्रमिकों के हित में बहुआयामी प्रयास

कारखाना प्रबंधन ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना स्थापना काल से ही क्षेत्र के गन्ना किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का सशक्त माध्यम रहा है। एफआरपी के अतिरिक्त रिकवरी राशि, शासन द्वारा प्रदत्त बोनस का भुगतान, रियायती दर पर शक्कर वितरण, उन्नत बीज उपलब्धता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही कारखाना परिसर में सर्वसुविधायुक्त बलराम सदन का निर्माण, तथा श्रमिकों व किसानों के लिए मात्र 5 रूपए में गरम भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन की शुरुआत सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण है। कारखाना प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यदि पेराई लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ तो कारखाने का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। अतः सभी सदस्य एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से आह्वान किया गया कि वे सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति कर सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाएं और क्षेत्र के किसानों के उज्ज्वल भविष्य में सहभागी बनें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक भावना बोहरा नव दम्पति को देंगे आशीर्वाद

# आज बंधेंगे जिले के 251 जोड़े वैवाहिक परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में 10 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन सरदार पटेल मैदान कवर्धा में किया गया है। मंगलवार के शुभ मुहूर्त में जिले के 251 नवयुगल वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर नव विवाहितों को आशीर्वाद देंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी विवाह में शामिल होंगे और नवदम्पति को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वर-वधू और उनके परिजनों के लिए पृथक-पृथक आवास एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही उनके निवास स्थान से विवाह स्थल तक लाने-ले जाने की समुचित व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत होने वाला यह भव्य आयोजन न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## पुरानी मंडी से दूल्हों की निकाली जाएगी भव्य बारात



जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि सुबह से पटेल मैदान में विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सुबह 8 बजे पुरानी मंडी से दूल्हों की भव्य बारात निकलकर सिग्नल चौक होते हुए गांधी मैदान के पास स्वागत कार्यक्रम के उपरांत गांधी मैदान पहुंचेगी। समारोह में नवयुगलों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल, जनपद अध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा बघेल, बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा, पडरिया श्रीमती नंदनी साहू, सहसपुर लोहारा श्रीमती दुर्गा सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू, सभापति राज कुमार मरावी, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती दीपा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा साहू, सदस्य जिला पंचायत रोशन दुबे, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती ललिता धुर्वे, श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, श्रीमती सतविंदर पाहुजा नव दम्पति को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# भोरमदेव तालाब के पास जंगली सुअर के शिकार के संकेत, वन विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव स्थित तालाब के समीप जंगली सुअर के शिकार से संबंधित संदिग्ध निशान मिलने पर वन विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन विभाग को 7 फरवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि भोरमदेव तालाब के पास शिकार के संकेत दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और राजानवागांव वृत्त के दियाबार परिसर के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 67 अंतर्गत क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन विभाग ने बताया निरीक्षण के दौरान घटनास्थल पर प्रथम दृष्टया जंगली सुअर के बाल प्रतीत होने वाला नमूना, पास में लकड़ी का एक खूंटा तथा लगभग 200 ग्राम जीआई तार बरामद किया गया। बरामद सामग्री को नियमानुसार जप्त कर पीओआर. क्रमांक 21616/10, 07 फरवरी 2026 जारी किया गया है। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही मुखबिर तंत्र के माध्यम से भी संभावित आरोपियों का पता लगाने का कार्य किया जा रहा है। जप्त किए गए बाल के नमूने को परीक्षण के लिए वन्यजीव फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य केंद्र, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) भेजा जाएगा। परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# छिरहा स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव आयोजित



- स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छिरहा में शिक्षा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा आए हुए अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से हाई स्कूल की छात्रा आल्या दिवाकर और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किए गए पंथी नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

वहीं प्राथमिक शाला की नन्हीं छात्रा राधिका और उनके समूह द्वारा फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसे देशभक्ति गीत पर दी गई मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों पिंकी एवं साथी की प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी और प्रधान पाठक मुरीत खरे ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर साल भर की उपलब्धियों को साझा किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया।

इस गरिमामयी मंच पर शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हाई स्कूल के व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक शिक्षक देवदास धृतलहरे ने किया। इस उत्सव में सरपंच सुरेश पटेल, एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, उपसरपंच रंजीत राय, पूर्व सरपंच राम पटेल, लिमो सरपंच गणेश योगी, गोविंद पटेल, सचिव कन्हैया, सुखनंदन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जागरूक पालक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स.लोहारा में मां शीतला मंदिर प्राण द्वितीय प्रतिष्ठा उत्सव की धूम



**स लोहारा।** मां शीतला मंदिरप्राण द्वितीय प्रतिष्ठा उत्सव के पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर विकास समिति सहसपुर लोहारा एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कथा के तीसरे दिन की कथा के अंतर्गत कथा व्यास दंडी स्वामी विशुद्धानंद महाराज (काशी विश्वनाथ) ने देवी जी की लौक दर्शन आदिशक्ति मां की महिमा का विशेष वर्णन किया। स्वामी जी ने बताया कि देवी भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने मधु-कैटभ राक्षसों के वध के बाद की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे देवताओं ने अम्बा यज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान एक स्वचालित पुष्पक विमान प्रकट हुआ, जो तीनों देवों को ब्रह्म लोक, शिव लोक और बकुंठ से होते हुए अमृत समुद्र के निकट मणि द्वीप तक ले गया। मणि द्वीप पर देवों को मां भुवनेश्वरी के दर्शन हुए, जिन्होंने त्रिशक्ति के रूप में काली, लक्ष्मी और सरस्वती के साथ भेदन का ज्ञान दिया। इसके बाद देवों ने लौटकर देवियों के साथ अम्बा यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें अरूणी मंथन से अग्नि का प्राकट्य किया गया। तत्पश्चात सत्यव्रत ब्राह्मण की कथा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने सत्यव्रत की कथा मुख्य रूप से एक मूर्ख बालक के देवी कृपा से परम ज्ञानी और सत्यवादी ऋषि बनने की कहानी है, जो देवी भागवत पुराण में वर्णित है। कौशल देश में देवदत्त के पुत्र को मूर्खता के कारण त्यागे जाने पर, उसने गंगा तट पर माता सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की और केवल सत्य बोलने का व्रत लिया, जिससे वह दिव्य बुद्धि प्राप्त कर एक महान ऋषि बना।

# गन्ना विक्रेता किसानों को 3.45 करोड़ की राशि जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के तहत गन्ना विक्रेता किसानों को 3 करोड़ 45 लाख रुपए की प्रथम किस्त का भुगतान बैंक के माध्यम से जारी कर दिया गया है। यह राशि 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 1073 किसानों के खातों में प्रेषित की गई है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि इस अवधि में खरीदे गए गन्ने का मूल्य 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित किया गया है। किसानों को उनकी उपज के आधार पर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। प्रबंधन ने बताया कि यह प्रथम किस्त के रूप में भुगतान किया गया है। शेष राशि का भुगतान फंड प्राप्त होते ही जल्द ही किसानों को कर दिया जाएगा।

## लंबित मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल 12 को




**कवर्धा।** ऑल इंडिया एंप्लॉय फेडरेशन एवं संयुक्त मोर्चा ट्रेड यूनियन के द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग जिला कबीरधाम दिलीप चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया एंप्लॉय फेडरेशन एवं संयुक्त मोर्चा ट्रेड यूनियन के द्वारा 12 फरवरी 2026 को हड़ताल अपनी मुख्य रूप से लंबित मांग चार लेबर कोर्ट कानून रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल कर अनियमित एवं संविदा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के मानदेय में वृद्धि कर 25000 रूपए प्रति माह किए जाने को लेकर हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इन मांगों को लेकर हड़ताल दिवस पर दोपहर 12:00 बजे कर्मचारी भवन कवर्धा में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी कर्मचारियों से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल में शामिल होकर अपने हक की आवाज को बुलंद करें।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरंपच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण रहे शामिल

# विकासखंड बोड़ला के वनांचल ग्राम तितरी में जल अर्पण दिवस का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गत दिनो विकासखंड बोड़ला के ग्राम तितरी में जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण एवं हस्तांतरित हो चुकी जल आपूर्ति प्रणाली को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत को सौपनें, नलजल योजना के संचालन संधारण में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो के सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित करने, हर घर जल योजना के तहत गांव की उपलब्धि का जश्न मनाने एवं स्थानीय स्तर पर लोगो के नेतृत्व वाली जल प्रशासन को प्रोत्साहित कर जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उददेश्य से जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरंपच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामवासियो के द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन के नलजल योजना अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों पानी टंकी, बोर पंप, स्वीच रूम का पूजा अर्चना कर जलबंधन(पवित्र धागा) किया गया। तत्पश्चात पारम्परिक गाने बाजे के साथ समस्त जनप्रतिनिधियो, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों तथा शिक्षकगण एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं जल अर्पण दिवस के उद्देश्यों के संदेशों के साथ जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शनो से एक एक बाल्टी पानी दान किया गया एवं इस पानी को पौधारोपण में उपयोग किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चो द्वारा स्वागत गीत, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश देते लोकगीत पर डांस व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के पेयजल स्त्रोतो के गुणवत्ता जांच हेतु एफ.टी.के. कीट के द्वारा जल गुणवत्ता जांच का प्रदर्शन किया गया एवं ग्राम पंचायत को एफटीके कीट वितरित किया गया। पीएचई विभाग के अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से योजना के संचालन संधारण हेतु छ.ग. ग्रामीण पेयजल संचालन संधारण नियम 2024 के संबंध में जानकारी दी गई व ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो को नलजल के सफल क्रियान्वयन हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सेवा आंकलन किये जाने के संबंध जानकारी दी गई तथा पेयजल सेवाओं की निरंतर उपलब्धता, गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा तथा प्रभावी संचालन संधारण पर विशेष ध्यान देने प्रोत्साहित किया गया। जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं हर घर जल योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तितरी को औपचारिक रूप से अधिकारिक हंस्तातंरण दस्तावेजो को सौंपा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा ग्रामीणो को नलजल योजना के स्वामित्व लेने, योजना के वित्तीय प्रबंधन हेतु जलशुल्क राशि जमा करने व घरेलू नल कनेक्शनो के पास स्वच्छता रखने हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत तितरी को नलजल योजना के सफल संचालन संधारण एवं ग्राम सचिव उपदेश मेरावी एवं पंप आपरेटर धनसिंह मेरावी को योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण बचाव एवं हरियाली को बढ़ावा देने पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।